हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–211 : जौनपुर, मंगलवार 25 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने पूर्व सीएम हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा का प्रदेश के विकास के लिए विजन स्पष्ट था। उन्होंने देश की आजादी के विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभायी थी। इस दौरान उनके साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद समेत तमाम अधिकारियों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर उन्होंने ट्वीट कर कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! देश एवं प्रदेश की सेवा में अपने योगदानों के लिए वे सदैव स्मरण किए जाएंगे। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! अपनी सेवाओं के लिए सदैव स्मरण किए जाएंगे स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा को उनकी 104वीं पावन जयंती पर याद करते हुए कहा कि उनका जन्म 25 अप्रैल 1919 को आज के उत्तराखंड के पौड़ी जनपद के एक गांव में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही एक स्कूल में ग्रहण की। वहीं उन्होंने अपनी सेकेंडरी, सीनियर



सेकेंडरी के साथ–साथ उच्च शिक्षा के लिए प्रयागराज का रुख किया। यहां पर उन्होंने उच्च शिक्षा अर्जित करते हुए देश की आजादी के आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान व बाद में भी देश की आजादी के लिए विभिन्न आंदोलनों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रयागराज और उत्तर प्रदेश के विकास के लिए उनका विजन बहुत स्पष्ट था। ऐसे में अनेक दायित्वों का निर्वहन करने का अवसर उन्हे स्वतंत्र भारत के रूप में प्राप्त हुआ। वह प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश और देश की सेवा के लिए सदैव स्मरण किए जाएंगे।

## विधायक रमेश सिंह ने किया पंचायत भवन का लोकार्पण

शाहगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : विकास खण्ड–खुटहन की ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में ईद मिलन समारोह एवं पंचायत भवन व सी.सी.रोड के लोकार्पण का कार्यक्रम पूरे हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुवा अपने व्यक्तित्व के अपार दौलत के मालिक, नेतृत्व के धनी, विधानसभा शाहगंज में असहाय एवं मजलूमों के उम्मीद की किरण परम आदरणीय श्री श्री रमेश सिंह जी (माननीय विधायक–365 शाहगंज) के कर कमलों द्वारा पंचायत भवन एवं सी.सी. रोड का लोकार्पण किया गया माननीय विधायक श्री सिंह ने लोगों को सम्बोधित करते हुवे कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार संकल्पित है।भाजपा समर्थित निषाद राज पार्टी के विधायक श्री रमेश सिंह ने कहा कि पंचायत भवन में उपस्थित रहने वाले कर्मचारी जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने से लेकर पात्रों को लाभ पहुंचाने तक जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे न सिर्फ भागदौड़ से राहत मिलेगी बल्कि नाजायज खर्च की बचत भी होगी। पंचायत भवन व सी. सी. रोड की गुणवत्ता देख गदगद माननीय विधायक श्री सिंह ग्राम प्रधान शसीदा जहाँगीर खान की जम कर तारीफ करते हुवे बोले क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी इसके लिये मेरा साथ सहयोग हमेशा आपके साथ रहेगा माननीय विधायक श्री सिंह ने ग्राम पंचायत को ईद की बड़ी सौगात देते हुवे ग्राम प्रधान शसीदा जहाँगीर खान को उनकी ग्राम पंचायत मोहम्मपुर (महमूदपुर) के विकास में कोई बाधा नहीं आयेगी का आश्वासन देते हुवे हर संभव मदद



करने का भरोसा दिये । ग्राम प्रधान शमसीदा जहाँगीर खान ने आये हुवे सभी अतिथियों एवं ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर विकास खण्ड खुटहन के तकरीबन सम्मानित ग्राम प्रधान गण, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण, के साथ– साथ गनी खान, कय्यूम खान(लाला) मोहम्मद रफीक खान (नन्हु) मोबीन खान, अब्दुल अहद खान, हाजी लाल मोहम्मद, वकील खान, पप्पू सिंह, सुरेश निगम, मया शंकर निगम, राजकुमार निगम, अशोक निगम, अब्बुल खान, बसन्तलाल मौर्या, अब्दुल्लाह अकील आजमी, राईस खान, सऊद अंसारी, अबरार खान, सभाजीत मौर्या, मुरारी मौर्य, विजयपाल मौर्य (अध्यापक) इलियास खान, एकरामुद्दीन खान, असलम खान, अब्बास खान, एकरार खान, बृजेश दुबे, नीरज दुबे, विनीत तिवारी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर एम.एच.खान एवं संचालन सय्यद मोहम्मद मुनीम (अध्यापक) ग्रामीण विकास इण्टर कॉलेज मखदूमपुर पटैला द्वारा किया गया।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## भारत का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों को किया सम्मानित –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नई दिल्ली : राष्ट्रीय सैनिक संस्था भीम ब्रिगेड ट्रस्ट और शिक्षा अभियान एनजीओ द्वारा शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य हर बच्चा हो शिक्षित, वही भारत का चौथा स्तभ मिडिया को भी सम्बोधित कर सम्मानित पत्रकारों को गांधी शांति प्रतिष्ठान



नई दिल्ली में संस्था द्वारा बनवाई 14 गरम दल क्रांतिकारी शहीदों की तस्वीर वाली घड़ी और सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया। सर्वप्रथम गांधी शांति प्रतिष्ठान के सचिव तेजपाल को भी ऐतिहासिक घड़ी द्वारा सम्मानित किया गया उसके बाद आवाज की जादूगरनी साक्षी कुमारी,प्रसिद्ध सिंगर सुरेंद्र पुष्करणा , बृजेश , सुभाष राय , संदीप , उमा को भी बेहतरीन राष्ट्रभक्ति के गीत सुनाए जाने पर सम्मानित किया वही, पत्रकारों में सुधीर कुमार , कुलवंत कौर , नरेंद्र ,सीनियर पत्रकार बंसी लाल ,दीपक आनंद , एके अवस्थी,कमल नेगी , राजेश , किशन सिंह , शंकर धवन , रंजीत गुप्ता ,डॉ नदीम अहमद , बृजेश कुमार ,राहुल , राजेश खन्ना , को ऐतिहासिक घड़ी द्वारा सम्मानित किया गया, संदीप गुड़ियाल , विवेकद्वारा शिक्षा की एक नई ऐप को भी निर्धारित किया गया उपस्थित श्रीमान जुगल किशोर ,रीमा , निशा शर्मा , ओम जी, महेश, अर्चना झा, भूषण जैन, राजबाला, डॉ एकता सिंह व सैकड़ों राष्ट्रभक्त उपस्थित थे। जनता से जुड़ी कई समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया, उसमे शिक्षा का कॉमन सिलेबस होना चाहिए राजमार्गों पर टोल की धोखाधड़ी, चिकित्सा के नाम पर हो रहा गोरखधंधा खाद्य, पदार्थों में मिलावट खोरी, बेरोजगारी और महंगाई को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने कहा कि सनातन धर्म की अनुसार बच्चों का विवाह समय पर हो,बढ़ती जनसख्या से आज देश मे असमानता बड़ रही हैं। जहा मां–बाप अपना कैरियर बनाने में लगा है ,पैसा कमाने की होड़ , बच्चों का भविष्य बनाने, परिवार मानसिक रूप से भी पिछड़ रहा हैं।

## विंध्याचल मंदिर में महिला दर्शनार्थी के साथ अभद्रता का वीडियो वायरल : सिपाही निलंबित

मिर्जापुर ब्यूरो : मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी मंदिर के निकास द्वार पर सोमवार की रात को महिला श्रद्धालु द्वारा पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया गया। महिला श्रद्धालु का थानाध्यक्ष से बीच सड़क में शिकायत का वीडियो वायरल हुआ। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा ने आरोपी पुलिस कर्मी को निलंबित कर दिया। क्षेत्र के बंगाली चौराहा पर विंध्याचल थानाध्यक्ष अतुल कुमार राय गश्त पर निकले थे। मां विंध्यवासिनी माता दरबार में दर्शन पूजन कर वापस आ रही महिला श्रद्धालु का परिवार थानाध्यक्ष को देखकर रुक गया। रो–रो कर महिला श्रद्धालु ने आरोप लगाया कि दर्शन करने के लिए पूरा परिवार कतार में खड़ा था। जैसे ही दर्शन करने के लिए मां के सामने पहुंचे तो निकास द्वार पर खड़े सिपाही ने महिला के बाल पकड़कर खींच लिया। जिसके कारण दर्शन नहीं हो सका। महिला ने कहा कि आप लोग व्यवस्था को संभालिए। दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए आतुर रहते हैं। निकास द्वार पर पुलिसकर्मी बाल खींच कर हम लोगों को बाहर कर दिये। क्या उनके घर में बहन बेटियां नहीं है। जो महिलाओं के साथ ऐसा व्यवहार कर रहे है। जिसके बाद थानाध्यक्ष ने महिला को पुनः दर्शन कराने के लिए निवेदन किया, लेकिन महिला ने दर्शन करने को मना कर दिया। थानाध्यक्ष ने महिला श्रद्धालु की पूरे परिवार को मौखिक आश्वासन दिया कि इस बात की शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी। मामले का वीडियो वायरल



हो गया। मामले में पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पुलिसकर्मी (सिपाही जितेंद्र पाल) को निलंबित कर दिया। सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि सोमवार को मंदिर बन्द होने के समय अत्यधिक भीड़–भाड़ होने पर पुलिस कर्मियों द्वारा दर्शनार्थियों को बाहर निकाला जा रहा था। कुछ दर्शनार्थी द्वारा एक पुलिस कर्मी के व्यवहार पर आपत्ति व्यक्त की गयी । प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित पुलिसकर्मी को जांच तक निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया है कि अत्यधिक भीड़–भाड़ होने पर पुलिसकर्मी संयम बरतें। दर्शनार्थियों से विनम्र व्यवहार रखें।

## विधायक लकी यादव समेत 10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर कोतवाली थाना अंतर्गत रविवार देर रात सपा विधायक लकी यादव के आवास पर पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई और ठेकेदार को बंधक बनाए जाने व हुई पुलिस के साथ हुई मारपीट व धक्का मुक्की के मामले में ठेकेदार की तहरीर पर सोमवार रात नगर कोतवाली पुलिस ने विधायक लकी यादव समेत दस अज्ञात लोगों के खिलाफ बंधक बनाकर मारने पीटने , सरकारी कार्य मे बाधा पहुंचाने समेत 7 गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सपा विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होते ही सपाइयों में हड़कम्प मच गया है। शहर कोतवाल को दिए तहरीर में बताया गया है कि मैं ठीकेदार हितेश कुमार सिंह पुत्र स्व0 सत्यप्रकाश सिंह निवासी ग्राम डिहजहानिया थाना बक्शा का रहने वाला हूं कि मैं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार हू । 23 अप्रैल को रात्रि समय करीब 10.30 बजे अवस्थपना निधि के तहत जेसीज चौराहे से ओलन्दगंज सड़क चौड़ीकरण एंव नाली निर्माण का कार्य चल रहा है । मै तथा अवर अभियन्ता दिनेश कुमार भाष्कर पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम डहिया थाना मुगलसराय जि० चन्दौली अपनी टीम के साथ बर्तमान विधायक लकी यादव के घर के सामने विपिरत पटरी पर नाप एंव जोख का कार्य क रहे थे। कि विधायक लकी यादव अपने आठ दस समर्थको के साथ गाली



गलौज करते हुए कार्य बन्द कराने लगे हम लोगो ने कार्य बन्द करने से मना किया तो अवर अभियन्ता दिनेश कुमार भास्कर एंव मुझे तथा मेरे चाचा चन्द प्रकाश सिंह को मारने पीटने लगे, अवर अभियन्ता दिनेश कुमार भास्कर मुझे तथा स्वदेश दीपक को पकड़कर अपने घर में बैठा दिये तथा बन्धक बना लिये। हमारी टीम से किसी ने पुलिस को सुचना दिया तो हम लोगो को जान से मारने कि धमकी देने लगे। पुलिस के आने पर किसी तरह हम लोग जान बचाकर भागे । विधायक लकी यादव व उनके सर्मथकों द्वारा हम लोगो को मारा पिटा गया है । तथा सरकारी कार्य में बधा पहुचाया गया है तथा इनके द्वारा धमकी दि गई है कि दुबारा काम शुरु किया तो जान से मार देंगे । तहरीर के आधार पर पुलिस ने लकी यादव समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 147,323,332,342, 353, 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## होटल की खिड़की से गिरकर शख्स की मौत : काम के सिलसिले में आए थे वाराणसी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में शिवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार सुबह टीएफसी चादमरी के पास एक होटल में एक व्यक्ति की खिड़की से गिरने से मौत हो गई। मृतक पवन कुमार सिंह पुत्र शत्रुजीत सिंह (47 वर्ष) आजाद नगर ईस्ट सिंहभूमि झारखंड के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि पवन कुमार सिंह पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के सांसद पुत्र नीरज शेखर



की पत्नी के भाई यानि उनके साले थे। कल दोपहर पवन सिंह अपने साथियों के साथ रणजीत कुमार सिंह , नवीन कुमार सिंह, जयंत कुमार सिंह के साथ ठेकेदारी के लिए वाराणसी आए हुये थे। और TFC के अंदर स्थित होटल में दो कमरे लेकर रूके थे। बताया जा रहा है कि रात में वे होटल में ही रुके थे और पार्टी भी की थी। सभी लोग शराब भी पी थी। उनमें से पवन ने शराब के नशे में बाथरूम जाने के लिए उठे और खिड़की में पैर फंसने से खिड़की के बाहर आ गिरे। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के सीने की हड्डी टूट गई और पैर भी फेक्चर हो गया है। TFC के सिक्योरिटी इंचार्ज की सूचना पर पहुंची शिवपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है शिवपुर पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सुचना देकर बुला लिया गया है मृतक के उपरोक्त दोस्तो को पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हवा में कई चक्कर लगाने के बाद वाराणसी में नहीं उतर सके तीन विमान

वाराणसी ब्यूरो : मौसम खराब होने के कारण बाबतपुर एयरपोर्ट पर दृश्यता कम हो गई। इसके कारण विभिन्न शहरों से वाराणसी पहुंचे विमान हवा में कई चक्कर लगाने के बाद अलग–अलग एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिए गए। वहीं हैदराबाद से पहुंचा इंडिगो का विमान दो घंटे तक हवा में चक्कर काटने के बाद लैंड हो सका। डायवर्ट विमान बाद में मौसम सामान्य होने पर वापस बुलाया गया। जानकारी के अनुसार भुवनेश्वर से वाराणसी आने वाला इंडिगो का विमान 6 ई 7972 अपने निर्धारित समय शाम 5:25 बजे से 30 मिनट की देरी से शाम 5:55 बजे वाराणसी के लिए उड़ान भरा और 7:30 बजे वाराणसी हवाई क्षेत्र में लैंडिंग की अनुमति मांगी लेकिन दृश्यता कम होने के कारण लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। विमान को पटना डायवर्ट किया गया। इसी तरह शारजाह से वाराणसी पहुंचा एयर इंडिया का विमान आईएक्स 184 भी लैंड नहीं कर सका और इसे लखनऊ डायवर्ट किया गया। बंगलुरू से वाराणसी पहुंचा इंडिगो विमान 6 ई 968 को दिल्ली डायवर्ट किया गया। एयर इंडिया का लखनऊ डायवर्ट हुआ विमान रात्रि 10:20 वापस वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचा।इसी तरह अन्य विमान भी देर रात वाराणसी वापस लौटे। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया की शाम 7:30 बजे के बाद अचानक मौसम खघ्राब होने के कारण कई विमान लैंड नही कर सके जिन्हें नजदीकी एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। बाद में मौसम सामान्य होने पर विमान वापस बुलाए गए। लखनऊ का विमान वाराणसी डायवर्ट, यात्री परेशान खराब मौसम की वजह से सोमवार को बंगलुरू से लखनऊ जा रहे विमान को वाराणसी एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया। जब मौसम ठीक हुआ, तब विमान लखनऊ के लिए उड़ान भर सका। जानकारी के मुताबिक, इंडिगो का विमान 6 ई196 बंगलुरू एयरपोर्ट से 172 यात्रियों को लेकर लखनऊ हवाई क्षेत्र में पहुंचा, लेकिन खराब मौसम का हवाला देकर एटीसी ने विमान उतारने की अनुमति नहीं दी। एटीसी ने विमान को वाराणसी एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया।

## उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद के परिणाम घोषित : लखनऊ पब्लिक स्कूल ने मारी बाजी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के प्रसिद्ध लखनऊ पब्लिक स्कूल में घोषित उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद् के हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट के परीक्षा परिणामों से विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। अच्छे परिणामों से उनके चेहरों पर चमक आ गयी। वही उनके शिक्षक व शिक्षिकायें काफी खुश नजर आये। शत–प्रतिशत उत्तीर्ण परीक्षा परिणाम के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने नब्बे प्रतिशत से ऊपर का जादुई आंकड़ा पार किया। हाई स्कूल परीक्षा में विद्यालय के सचिन रावत ने 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया वही हर्षित यादव 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की श्रेष्ठता सूची में दूसरे स्थान पर रहे। इण्टरमीडिएट के परिणामों में हर्ष शुक्ला ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे वही सिमरन ने 91.0 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय




की श्रेष्ठता सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय समूह के महा प्रबन्धक डा0 एस0पी0 सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनकी अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक शुभकामनायें प्रदान की।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

मन का मौन मनोबल बढ़ाता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

# सम्पादकीय

## 2024 चुनाव : नीतीश कुमार के सामने चंद्रबाबू नायडू का रिकॉर्ड तोड़ने की चुनौती

वर्ष 2018 में चंद्रबाबू नायडू बीजेपी नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हुए थे और गैर बीजेपी दलों की आंखों का तारा बन गए थे। उन्होंने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले शायद ही कोई ऐसा राज्य छोड़ा था, जहां जाकर गैर बीजेपी दलों के नेताओं से मुलाकात न की हो। उस समय यह मशहूर था कि चंद्रबाबू नायडू अपने साथ कुछ शॉल और मिठाई के डिब्बे रखते हैं और जहां कोई विपक्षी नेता मिलता है, उसे शॉल ओढ़ा देते हैं। कुछ–कुछ ऐसी ही भूमिका में इन दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी नजर आ रहे हैं। चंद्रबाबू नायडू की तरह नीतीश कुमार भी एनडीए का हिस्सा रहे हैं और एनडीए के साथ मिलकर सत्ता का लाभ ले चुके हैं। दोनों में अंतर यह है कि जहां चंद्रबाबू नायडू अकेले जहाज लेकर उड़ रहे थे, वहीं नीतीश कुमार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथी और बिहार में उनके डिप्टी तेजस्वी यादव का साथ मिला रहा है। चंद्रबाबू नायडू तो विपक्षी एकता के सहारे चुनावी वैतरणी को पार करने में असफल रहे थे, क्या नीतीश कुमार चंद्रबाबू नायडू का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे? जनता दल (यू) के सुप्रीमो नीतीश कुमार को लेकर कुछ समय पहले ऐसी खबरें चली थीं कि वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के संयोजक बन सकते हैं और बिहार की सत्ता तेजस्वी यादव को सौंपकर राष्ट्रीय राजनीति कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक इस खबर पर मुहर नहीं लगी है, लेकिन पिछले दिनों से नीतीश कुमार ने अपने विपक्षी जोड़ो अभियान की शुरुआत दिल्ली में कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात के साथ शुरू की। दिल्ली में वह आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से भी मिले। नीतीश कुमार ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उत्तर प्रदेश में सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव से मुलाकात की है। उप्र, बिहार और पश्चिम बंगाल में लोकसभा की 162 सीटें आती हैं और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां एनडीए ने 121 सीटों पर सफलता हासिल की थी। हालांकि, तब बिहार में नीतीश कुमार की जद (यू) एनडीए का हिस्सा थी। इस बार वो राजद और कांग्रेस के साथ जा रहे हैं। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब बीजेपी ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी, तब विपक्ष पूरी तरह बिखर गया था। वर्ष 2019 में चंद्रबाबू नायडू ने विपक्षी एकता की भरपूर कोशिश की और कुछ राज्यों में गठबंधन हुए भी जैसे उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी साथ आए, पर वे भी कोई बहुत बड़ा चमत्कार नहीं कर सके। उत्तर प्रदेश में विपक्षी एकता की पहल नीतीश कुमार जब अखिलेश यादव से लखनऊ में मिल रहे थे तो मायावती ने उनसे दूरी बना ली। उप्र में कांग्रेस का जनाधार खत्म हो गया है। मायावती अब शायद महागठबंधन में शामिल न हों तो उप्र में विपक्षी एकता कैसे कायम रहेगी? अखिलेश यादव की पार्टी उप्र में लगातार चुनाव हार रही है। देश के सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीटों वाले उप्र में मोदी, शाह, योगी की तिकड़ी को विपक्ष कैसे टक्कर देगा? नीतीश के अपने राज्य बिहार से 40 लोकसभा सीटें आती हैं और पिछले कुछ उपचुनावों में जिस तरह से बीजेपी ने जद (यू), राजद व कांग्रेस के महागठबंधन को कड़ी टक्कर दी और सफलता हासिल की है, उससे तो लगता नहीं कि नीतीश कुमार अपने घर में कुछ कमाल करने जा रहे हैं। फिर बिहार में नीतीश कुमार की जो छवि है, वो बार–बार साथी बदलने वाले नेता की भी हो गई है। नीतीश कुमार की पार्टी का स्वयं का वोट बैंक लगातार कम हो रहा है। जैसे परिवारवादी पार्टियां चल रही हैं, वैसे ही नीतीश कुमार जद (यू) को चला रहे हैं। वो राज्य में तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गए हैं और केवल सत्ता के लिए कभी बीजेपी तो कभी राजद का साथ लेते चले आ रहे हैं। पश्चिम बंगाल में न तो जद (यू) का कोई वोटबैंक है, न अखिलेश का और न कांग्रेस का। अखिलेश यादव ने पिछले दिनों कोलकाता में अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की थी। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ खड़े हुए थे, लेकिन ममता, राज्य में कांग्रेस के साथ जाएंगी या वामदलों को सीटें देंगी, इसकी संभावना करीब–करीब असंभव है। मतलब साफ है, पश्चिम बंगाल में विपक्ष साथ नहीं है। पश्चिम बंगाल के बाहर ममता अपनी पार्टी के विस्तार की कोशिशें कर चुकी हैं और उन्होंने अब तक असफलता ही हासिल की है। पिछले दिनों उनका राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा भी छिन गया था। पश्चिम बंगाल के बाहर ममता कैसे विपक्ष को मजबूत करेंगी? इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, कर्नाटक जैसे राज्यों में साथी दलों को सीटें देगी, यह अब तक तो नजर नहीं आता है। पंजाब में भी कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ती नजर आ रही है। लोकसभा की दृष्टि से तमिलनाडु भी विपक्ष के लिए बड़ा राज्य है, लेकिन यहां पहले से कांग्रेस और द्रमुक में गठबंधन चला रहा है। यहां वर्ष 2019 वाली स्थिति रहने वाली है, जब द्रमुक–कांग्रेस ने साथ चुनाव लड़ा था।महाराष्ट्र की बदलती राजनीति एक और बड़ा राज्य महाराष्ट्र है, जहां से लोकसभा की 48 सीटें आती हैं और वर्ष 2019 के चुनाव के बाद यहां समीकरण बदले हैं। तब भी बीजेपी और शिवसेना ने 41 सीटें जीती थीं। पहले कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी में गठबंधन था और अब उद्धव ठाकरे का शिवसेना वाला गुट भी उसमें शामिल है। हालांकि, शरद पवार के जो तेवर इन दिनों दिख रहे हैं। उनके भतीजे अजीत पवार को लेकर जो खबरें तैर रही हैं, उससे लगता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा उलटफेर हो सकता है। तेलंगाना में भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) के सुप्रीमो के.चंद्रशेखर राव भी नीतीश कुमार की तरह विपक्षी एकता के लिए फेविकोल का काम करते आ रहे हैं। वो तेलंगाना में विपक्ष दलों का जमावड़ा लगाते रहते हैं, लेकिन जब तेलंगाना में सीट शेयरिंग की बात होगी तो वो 'एकला चलो की नीति' पर ही चलने लगते हैं। इस साल होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव में उनकी स्थिति कमजोर बताई जा रही है और चुनाव के नतीजे साफ कर देंगे कि वर्ष 2024 में तेलंगाना में क्या परिस्थितियां बनने वाली हैं? फिर के. चंद्रशेखर राव खुद को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार भी मानते हैं। अन्य राज्यों की बात करें तो झारखंड में पहले से बीजेपी बनाम झामुमो, राजद, कांग्रेस का गठबंधन है और अब उसमें जद (यू) भी शामिल हो जाएगा। ओडिशा में बीजू जनता दल के सुप्रीमो नवीन पटनायक किधर जाएंगे या अकेले रहेंगे, यह तय नहीं कर पाए हैं। संभावना यही है कि वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, उनके नाम को लेकर चर्चाएं चलती रहती हैं कि उन्हें भी यूपीए का संयोजक बनाया जा सकता है। केरल में पहले से ही वामदल और कांग्रेस के गुट हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को कुछ देने वाली है या गठबंधन करने वाली है, इसकी संभावना दूर–दूर तक नजर नहीं आती। दिल्ली में जरूर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के मिलकर लड़ने की कुछ–कुछ संभावनाएं हैं। नीतीश कुमार की कोशिशें कितना रंग लाएंगी? असम में बीजेपी के खिलाफ कांग्रेस के साथ एआईयूडीएफ व अन्य दल आ सकते हैं, लेकिन इनकी राह आसान नहीं होगी। उत्तर–पूर्व के राज्यों में छोटे–छोटे दल हैं और कांग्रेस वहां करीब–करीब खत्म हो गई है। कांग्रेस स्वयं को राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी का मुख्य प्रतिद्वंद्वी मानती है और कोशिश में रहती है कि सभी क्षेत्रीय दल उसकी छतरी के नीचे आ जाएं, लेकिन कांग्रेस के विरोध में बने अधिकांश क्षेत्रीय दलों को यह अस्वीकार्य है। दूसरा, कांग्रेस राहुल गांधी को प्रोजेक्ट करने पर तुली है और विपक्ष को राहुल गांधी का नाम पच नहीं रहा है। ममता बनर्जी तो खुलकर कह चुकी हैं कि राहुल गांधी के नाम पर चुनाव लड़ेंगे तो हार निश्चित है। नीतीश कुमार की कोशिशें कितना रंग लाएंगी, इस पर अभी तो जनता को संदेह ही है। वैसे, बीजेपी की कोशिश भी यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे कोई चेहरा विपक्ष आगे करे। फिर वो राहुल गांधी हों या नीतीश कुमार, बीजेपी को इसमें फायदा ही नजर आता है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को एक साल का समय शेष है। अब अगले एक साल नीतीश का जहाज चंद्रबाबू नायडू की भांति उड़ता रहेगा या फिर नरेंद्र मोदी को टक्कर देगा? हालांकि, यह आसान नहीं होगा, क्योंकि अभी जितने भी सर्वे आ रहे हैं और तो और स्वयं विपक्ष भी यही मानकर चल रहा है कि वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी को चुनौती नहीं दी जा सकती। क्या नीतीश कुमार अगले चंद्रबाबू नायडू बनने वाले हैं?

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## पंकज कुमार श्रीवास्तव को दिया गया क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के पुनर्गठन का मनोनयन एवं परिचय पत्र

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के उप महाप्रबंधक द्वारा क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के पुनर्गठन का मनोनयन एवं परिचय पत्र गोंडा निवासी पंकज कुमार श्रीवास्तव को दिया गया। पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय गोरखपुर मे लोकप्रिय डीजीएम सामान्य बहुमुखी प्रतिभा के धनी केसी सिंह ने जेड आर यू सी सी मेंबर पंकज कुमार श्रीवास्तव को पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत रेल यात्रियों के हित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। ज्ञातव्य है कि विगत 6 वर्षों से अनवरतः पंकज कुमार श्रीवास्तव जोनल मेंबर के रूप में कार्य कर रहे हैं पुनः रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चौथी बार सदस्य मनोनीत करते हुए भरोसा जताया है। जोनल



मेंबर एन.ई.आर. तथा भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने भारत सरकार के रेल मंत्री,रेल राज्य मंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष एवं पूर्वोत्तर रेलवे के सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया है।

## भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाकर निकायों में भाजपा की विजय पताका फहराएं –नरेश अग्रवाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा के नुमाइश चौराहा हरदोई आवास पर पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल की उपस्थिति मे नगर निकाय चुनाव हरदोई की सामाजिक बैठक संपन्न हुई। बैठक मे प्रमुख रूप से नगर निकाय चुनाव के बूथ प्रबंधन से लेकर प्रत्येक वार्ड मे भाजपा प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल ने बैठक मे उपस्थित क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा उत्तर प्रदेश मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे हमारे पास बेहतर कानून व्यवस्था व जनहित विकास कार्यों का बेहद मजबूत आधार है। हमें सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से जन संवाद स्थापित कर तथा भाजपा सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन जन तक तक पहुंचाकर समस्त निकाय क्षेत्रों मे भाजपा की विजय पताका फहराना है। बैठक मे उपस्थित क्षेत्रवासियों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मे मतदान करने की अपील करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा प्रारम्भ आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, पेंशन, प्रधानमंत्री अन्न योजना, आवास, शौचालय, किसान सम्मान, सुमंगला, स्वच्छ भारत तथा जननी सुरक्षा आदि सैकड़ों योजनाएं आज बिना किसी भेदभाव के संचालित की जा रही है। यह भाजपा सरकार के कुशल प्रबंधन का ही परिणाम है कि आज अंतिम पायदान का व्यक्ति भी आत्मसम्मान के साथ अपना जीवन निर्वाहन कर रहा है। इस बार के नगर निकाय चुनाव मे हमारे साथ भारतीय जनता



पार्टी डबल इंजन सरकार की ताकत है। अब यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि जनपद हरदोई मे नगर निकाय चुनाव की सभी सीटें जीतकर हर निकाय क्षेत्र में ट्रिपल इंजन सरकार का गठन करें। बैठक का समापन क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र भाजपा अनुसूचित मोर्चा पीके वर्मा द्वारा आभार ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पीके वर्मा ने बैठक मे उपस्थित मुख्य अतिथि व् नगर वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से देश भर मे विकास की राजनीति का नया युग शुरू हुआ है। भारतीय जनता पार्टी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व् मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे गरीबों, युवाओं और किसानों को आत्मनिर्भर व् सशक्त बनाने हेतु पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आप सभी लोग एकजुट होकर जनपद हरदोई के समस्त निकाय क्षेत्रों मे आगामी चार मई को होने वाले मतदान मे सक्रिय योगदान प्रदान कर भाजपा सरकार को मजबूती प्रदान करने मे सहयोग करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल, दिनेश वर्मा, शिवम चौधरी, सुशील कनौजिया सहित स्वजातीय क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## पूर्वांचल के परिणामों से तय होगा सुभासपा का कद : राजभर की जमीनी पकड़ परख रही भाजपा

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा के सहारे लोकसभा चुनाव में खाता खोलने का सपना देख रहे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) का कद निकाय चुनाव के परिणामों पर निर्भर करेगा। उधर, भाजपा भी पूर्वांचल की उन निकायों के परिणामों पर नजर रखेगी, जिन निकायों में सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर अपनी जाति के प्रभाव वाला बताकर चुनाव लड़ रहे हैं। माना जा रहा है कि निकाय चुनाव में सुभासपा को मिले जनाधार ही लोकसभा चुनाव में भाजपा और सुभासपा के संबंधों का आधार तय करेगी। इसके आधार पर ही लोस चुनाव के मद्देनजर आगे के रिश्ते का फॉर्मूला तय होगा। सपा से गठबंधन टूटने के बाद से ही सुभासपा अध्यक्ष का नजरिया भाजपा को लेकर बदला है। उनके तेवर जहां नरम हुए हैं, वहीं उन्होंने भाजपा के कई बड़े नेताओं से मुलाकात करके भाजपा के साथ फिर से जुड़ने के संकेत भी दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि राजभर चाहते थे कि लोकसभा चुनाव से पहले निकाय चुनाव भी भाजपा से मिलकर लड़ा जाए लेकिन बात नहीं बनी तो वह अकेले चुनाव मैदान में उतरे हैं। दरअसल निकाय चुनाव में सुभासपा को साथ न लेने के पीछे एक वजह यह भी बताई जा रही है कि भाजपा गठबंधन पर कोई फैसला लेने से पहले निकाय चुनाव के जरिए राजभर की जमीनी पकड़ को परखना चाहती है। उधर भाजपा का साथ न मिलने से मायूस राजभर भी नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में बड़ी संख्या में उम्मीदवार उतारा है ताकि भाजपा को यह संदेश दे सकें कि उनकी किस क्षेत्र में कितनी पकड़ है। वह लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए कितने फायदेमंद हो सकते हैं। इसी उद्देश्य से राजभर ने अपनी जाति के प्रभाव वाले पूर्वांचल के सभी 27 जिलों के निकायों में बड़ी संख्या में अध्यक्ष से लेकर पार्षद तक के उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। लोस चुनाव में मोलभाव का



बनेगा पैमाना निकाय चुनाव के बहाने सुभासपा भी भाजपा के सामने अपने जनाधार का प्रदर्शन करना चाहती है। सुभासपा की रणनीति है कि पूर्वांचल के निकायों में सर्वाधिक उम्मीदवारों को जीताकर या वोट प्रतिशत बढ़ाया जाए। वहीं, सुभासपा अध्यक्ष समेत पार्टी के सभी नेता पूर्वांचल पर अधिक फोकस किए हुए हैं। चूंकि सुभासपा लोकसभा चुनाव में मऊ, बलिया और गाजीपुर जिले के ही किसी सीट से चुनाव लड़ना चाहती है, इसलिए इन तीन जिलों के संबंधित निकायों में ही बेहतर परिणाम लाने को लेकर अधिक सक्रिय है। ताकि लोकसभा चुनाव में इसी के आधार पर मोलभाव किया जा सके। पूर्वांचल के साथ पश्चिम में भी संदेश देने की कोशिश राजभर ने पूर्वांचल के साथ ही पश्चिम के कई जिलों के निकायों में उम्मीदवार उतारकर यह संदेश देने की कोशिश की है कि सुभासपा का प्रभाव सिर्फ पूर्वांचल में नहीं है बल्कि पश्चिम के भी कई जिलों में उनके पास इतना वोट बैंक है, जिससे किसी भी चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है। इसलिए उन्होंने पश्चिम में आगरा मथुरा, गाजियाबाद और मेरठ नगर निगम में महापौर पद भी चुनाव लड़ा रहे हैं। निगमों के बजाय छोटे निकायों पर फोकस राजभर जाति का प्रभाव नगर निगमों के बजाय छोटे निकायों में अधिक है। इसलिए सुभासपा अध्यक्ष ने 17 में से सिर्फ 6 नगर निगमों में ही महापौर पद पर उम्मीदवार उतारे हैं। इसमें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मथुरा, गाजियाबाद और मेरठ शामिल हैं। जबकि नगर पालिका परिषद के 62 और नगर पंचायतों के 102 अध्यक्ष पदों पर प्रत्याशी उतारे हैं। इनमें पूर्वांचल के सभी 27 जिलों के अलावा पश्चिमांचल के भी कुछ निकाय शामिल हैं। इसके अलावा सभी प्रकार के निकायों में 450 से अधिक पार्षद भी चुनाव मैदान में उतारे हैं।

## हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम हरदोई जनपद के छह छात्रों ने पाया मेरिट में स्थान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : माध्यामिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम मंगलवार को अपराह्न डेढ़ बजे जारी कर दिए गए। घोषित परिणाम में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में हरदोई जिले के 6 छात्र छात्राओं ने नाम रोशन किया है। हाई स्कूल में निखिल कुमार ने प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया है। राम लाल सिंह पब्लिक स्कूल माधौगंज में पढ़ने वाले निखिल को 97.17% अंक प्राप्त हुए हैं। इसी विद्यालय के राज वर्मा ने प्रदेश में सातवां स्थान पाया है। उनको 582 अंक प्राप्त हुए हैं 97% नंबर लाकर वह प्रदेश की मेरिट लिस्ट में सातवें स्थान पर है। सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विष्णुपुरी हरदोई की छात्रा अंजली यादव ने 96.97% अंक प्राप्त कर हाई स्कूल की प्रदेश टॉप टेन सूची में आठवां स्थान पाया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में दर्शन लाल वर्मा इंटर कॉलेज ईश्वरपुर साईं की रिया पटेल ने प्रदेश में सातवां स्थान पाया है इन्होंने 481 अंक प्राप्त किए हैं। प्रदेश सूची में आठवां स्थान शिवांगी मिश्रा ने हासिल किया वह रामकृष्ण परमहंस बालिका इंटर कॉलेज मलिहामऊ की छात्रा है। इनको 500 में 480 अंक प्राप्त हुए। आठवें स्थान पर ही दर्शन सिंह इंटर कॉलेज ईश्वरपुर साईं की मनीषा द्विवेदी हैं। इन्होंने 500 में 480 अंक प्राप्त किए।

## इस वर्ष भी शत–प्रतिशत रहा एस.के.डी. एकेडमी यू0पी0 बोर्ड – 2023 का परीक्षा परिणाम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हाईस्कूल परीक्षा विद्यालय में प्रथम स्थान अनुकल्प पाठक 92. 33 प्रतिशत, द्वितीय स्थान आयुष कुमार मौर्या 92.17 प्रतिशत, तृतीय स्थान मधुप्रिया 90.83 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान श्रेया गुप्ता 87.17 प्रतिशत, पांचवा स्थान गरविका सिंह 84.83 प्रतिशत व छठा स्थान उदय प्रताप सिंह 84.0 प्रतिशत रहा है। इण्टरमीडिएट परीक्षा विद्यालय में प्रथम स्थान आयुषी मिश्रा 92.0 प्रतिशत, द्वितीय स्थान आषी सचान 91.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान स्पर्ष गुप्ता 89.2 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान अल्तिषा सिद्धिकी 87.0 प्रतिशत, पांचवा स्थान अक्षरा गुप्ता 86.6 प्रतिशत, छठा स्थान सोनाली निधि 85.8 प्रतिशत व सातवां स्थान इन्सा हवलदार 85.2 प्रतिशत रहा है। इन सभी विद्यार्थियों ने अपने नाम के साथ–साथ अपने माता–पिता व विद्यालय का नाम जनपद में ही नहीं वरन् पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया है। विद्यालय के इण्टरमीडिएट एवं हाई स्कूल के सभी विद्यार्थी ससम्मान उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि यू0पी0 बोर्ड की नई मार्किंग स्कीम बहुत ही बेहतर है जिससे संस्था और छात्र संतुष्ट हैं। इस वर्ष भी गतवर्षों की भांति बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया। रिजल्ट के विषय में बच्चों ने अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुये स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगणों का आभार व्यक्त




किया। पत्रकारों से भी बातचीत करते हुये सभी बच्चों ने अपनी पढ़ाई की तैयारी का श्रेय ईश्वर की कृपा, माता पिता का आशीर्वाद एवं विद्यालय से प्राप्त हुये रेगुलर असाइमेंन्ट व उपयुक्त मार्गदर्शन को दिया। एस0के0डी0 ग्रुप शिक्षा के साथ–साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाज में महात्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एस0के0डी0 हॉस्पिटल के माध्यम से हजारों मरीजों की निरन्तर सेवा होती है। मौजूदा हालात में भविष्य में क्या करना है एवं कैसे करना है इस पर बातचीत में विद्यार्थियों का कहना था कि रिजल्ट आने से आगे के कैरियर का चुनाव करना आसान हो गया है। विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक एस. के.डी. सिंह, निदेशक मनीष सिंह, प्रधानाचार्या डॉ0 शैली श्रीवास्तव (ई0 ब्लॉक, राजाजीपुरम) ने सभी सफल विद्यार्थियों को व उनके माता–पिता को बधाई दी व भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी।

## मीटर बदलने का हेरफेर : गोरखपुर में जांच टीम ने एक्सईन समेत 7 को माना दोषी : सौंपी रिपोर्ट

गोरखपुर ब्यूरो : बिजली निगम ग्रामीण खंड में रीडिंग स्टोर में खेल करने के आरोप सही पाए गए हैं। चेयरमैन द्वारा गठित टीम ने जांच के दौरान ग्रामीण मीटर परीक्षण खंड की संलिप्तता से इनकार नहीं किया। टीम ने मीटर बदलकर निगम को आर्थिक क्षति की नुकसान पहुंचाने वाले अभियंताओं व कर्मचारियों को दोषी पाया। दोषी लोगों पर कार्रवाई की संस्तुति करते हुए जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट मुख्य अभियंता को सौंप दी है। इसमें एक्सईन( मीटर परीक्षण खंड) समेत 7 अन्य लोग दोषी पाए गए। मामला लगभग छह से सात माह पुराना है। ग्रामीण मीटर परीक्षण खंड प्रथम दो जेएमटी( तकनीक कर्मचारी) अरुण कुमार गुप्ता व आरके उपाध्याय ने आपसी टसल में एक दूसरे की शिकायत की थी। ये शिकायत पावर कारपोरेशन के चेयरमैन तक पहुंच गई। इसी के बाद पूरा मीटर विभाग( ग्रामीण) इसकी जद में आ गया है। दरअसल, पादरी बाजार क्षेत्र के एक जागरुक उपभोक्ता ने जेएमटी अरुण कुमार गुप्ता पर 11 कनेक्शनों के रीडिंग स्टोर वाले मीटर 'नो डिस्प्ले' में बदलकर निगम को आर्थिक चपत व उपभोक्ताओं को लाभ पहुचाने की शिकायत चेयरमैन से की। चेयरमैन ने शिकायत का संज्ञान लेकर जोन के सीई व एसई को टीम गठित कर प्रकरण की जांच कराने के निर्देश दिए। इसके बाद एसई ने दो अभियंताओं व एक लेखाकार की टीम गठित कर जांच सौपी। तीन सदस्यी टीम ने जांच शुरू करते हुए परीक्षण खंड के एक्सईएन को पत्र लिखकर कुछ दस्तावेज व सूचनाए मांगी। लेकिन, एक्सईएन एके श्रीवास्तव ने उपलब्ध कराने में कोई रुचि नहीं ली। इसके बाद जांच टीम ने मामले से सीई व एसई को अवगत कराया। सीई ने परीक्षण खंड के एक्सईएन को पत्र लिखकर दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम के सदस्य लगातार परीक्षण खंड कार्यालय का चक्कर काटते रहे। वे अपनी गुगल



लोकेशन भी सीई को वाट्सएप करते रहे। बावजूद इसके एक्सईएन व एई मीटर ने किसी तरह का दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट बनाकर चार दिन पहले एसई को सौप दी। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण प्रथम विनोद कुमार ने बताया कि चेयरमैन के निर्देश पर गठित टीम ने अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंप दी है। इसमें अभियंताओं को दोषी ठहराते हुए उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठाए हैं। मामले में उच्चधिकारियों को भी अवगत करवा दिया गया है। निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम ने जो तथ्य रिपोर्ट में दिए टीम के तीनों सदस्यों ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 11 कनेक्शनों पर नो डिस्प्ले में उतारे गए मीटरों के बदले जाने का समुचित आदेश व इंडेंट जांच टीम को नहीं मिला। इस संबंध में कई बार संबंधित अभियंताओं से पत्राचार भी किया। टीम ने व्यक्तिगत जाकर भी पत्रावलियां तलब की थी। वर्तमान एई मीटर ने वायदा के बाद भी दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराए। इस प्रकार की कार्यशैली से पूर्णतय स्पष्ट है कि रीडिंग स्टोर वाले मीटरों को मनमानी तरीके से जेएमटी अरुण कुमार गुप्ता ने बदला। इस पर अंकुश लगाने के लिए सहाय अभियंता मीटर व एक्सईएन मीटर द्वारा किसी भी प्रकार का सार्थक प्रयास नहीं किया गया। ऐसे में निगम को हुई वित्तीय क्षति से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## सड़क पर गिरे पत्थरों में फंसी बाइक पलटी एक युवक की मौत : दो घायल परिजनों में कोहराम

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में देवगांव कोतवाली के कोटा बुजुर्ग गांव के पास सोमवार की देर रात सड़क पर गिरे पत्थर में फंस कर बाइक पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा बुजुर्ग गांव निवासी सूरज उर्फ गुड्डू (42) सोमवार को किसी काम से पल्हना बाजार गया हुआ था। रात साढ़े नौ बजे के आसपास वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। अभी वह गांव के पास ही पहुंचा था कि सड़क पर मौजूद पत्थर से उसकी बाइक टकरा कर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों



की सूचना पर परिजन व पुलिस घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गई। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में दो अन्य लोग भी घायल हुए है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## धूमधाम से मनाया गया साईं बाबा का 27 वा स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हुसैनाबाद तिलकधारी महाविद्यालय के बगल स्थित साईं बाबा मंदिर का 27 वा वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साईं बाबा मंदिर में विधिवत आरती के उपरांत शुरू हुआ। मंदिर के पुजारी पंकज पांडे , लोलारक नाथ पाठक व रितेश उपाध्याय द्वारा बाबा की आरती कराई गई। तदुपरांत पालकी अपने कदीम रास्तों से चलते हुए माँ गायत्री माता मंदिर तक हाथी घोड़ा पालकी के साथ पहुंची वहां मां गायत्री की आरती के पश्चात पुनः पालकी साईं बाबा मंदिर धाम में पहुंची जहां आरती के उपरांत पालकी का समापन किया गया। तदुपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा की पालकी की एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में जमे रहे । बाबा के भक्त नाचते गाते बाबा की पालकी लेकर चलते हैं। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंध क संजय सिंह मंदिर के संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह इंद्रभान सिंह इंदु तेज बहादुर सिंह , सत्य प्रकाश सिंह प्रबंधक तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज दीपक श्रीवास्तव पत्रकार सहित मंदिर परिवार के तमाम सदस्य उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में पालकी की शोभा यात्रा



निकालने में पालकी संयोजक जगदीश सेठ दीपक श्रीवास्तव, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक मिश्रा ,अजय सिंह स्वतंत्र सत्य प्रकाश यादव, हिंदू भगवा वाहिनी के अध्यक्ष रमेश सिंह प्रदेश अध यक्ष डॉ अंजना सिंह बीजेपी महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव आशीष बरनवाल डॉ अशोक चक्रवर्ती अमित श्रीवास्तव देवांश श्रीवास्तव सूर्यांश श्रीवास्तव ,भृगु रावत सत्य प्रकाश सिंह,अजय श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव अनुपम चौहान मनीष सिंह, गुलाब चंद, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। उक्त आशय की जानकारी मंदिल के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

## अंशुमान प्रजापति ने कराटे में गोल्ड मेडल जीत कर जौनपुर का किया नाम रोशन

सुजानगंज ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : जनपद जौनपुर के जेपी इंटरनेशनल स्कूल के छात्र एवं सुजानगंज के नरहरपुर निवासी डा० रमेशचंद्र प्रजापति के दो पुत्रों ने उस समय इतिहास रच दिया जब वारणसी में प्रदेश स्तरीय कराटे प्रतियोगिता हो रहा था। इस प्रतियोगिता में अंशुमान प्रजापति ने गोल्ड मेडल जीत कर अपने स्कूल का ही नहीं बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया। साथ ही आकाश प्रजापति ने सिल्वर मेडल जीत कर जौनपुर का शिर ऊंचा किया। सुजानगंज के नरहरपुर निवासी डा० रमेशचंद्र प्रजापति के दोनों पुत्रों कोच रंजीत सरोज प्रशिक्षित कर रहे थे। कोच रंजीत सरोज के दिशानिर्देश और अंशुमान और आकाश की मेहनत ने एक बार फिर यह प्रमाणित कर दिया कि जौनपुर के नौनिहालों में उत्कृष्ट प्रतिभाएँ भरी हुई हैं। विद्यालय के



निदेशक डॉ विनय कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यदि बच्चे मेहनत करते हैं तो उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

## ग्रीष्म ऋतु एवं हीट वेव के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिला पंचायत राज अधिकारी ने अवगत कराया है कि ग्रीष्म ऋतु एवं हीट वेव के दृष्टिगत ग्राम पंचायतों में स्थापित इण्डिया मार्का–2 हैण्डपम्पों के मरम्मत, रिबोर उसके रखरखाव एवं क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी महोदय, द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0) को निम्न निर्देश दिये गये है। प्रत्येक विकास खण्ड पर प्रारूप पर एक रजिस्टर हैण्डपम्प मरम्मत/रिबोर हेतु बनाया जायेगा। प्रारूप को समस्त खण्ड विकास अधिकारी/समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0) को भेजा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित इण्डिया मार्का–2 हैण्डपम्पों के मरम्मत एवं रिबोर की सामग्री का दुरुपयोग ना हो इसके लिए यह आवश्यक है कि सबसे पहले जो भी हैंडपम्प ग्राम पंचायत में खराब होगा उसकी सूचना प्रत्येक सप्ताह ग्राम पंचायत सचिव द्वारा विकास खण्ड पर जो रजिस्टर बनाया गया है उसमें दर्ज कराया जाएगा। रजिस्टर में लिखा जाएगा कि हैंडपम्प रिबोर योग्य है अथवा मरम्मत योग्य है उसको नियमानुसार ठीक कराया जाएगा और ठीक कराने के बाद उसकी सूचना रजिस्टर में अंकित की जाएगी तथा यह भी उल्लेख किया जायेगा कि उसमें क्या–क्या सामग्री लगाई गई है और उसमें कितनी पुरानी सामग्री निकली है इसको भी रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। मरम्मत/रिबोर कार्य में जो पुरानी पाइपें निकलेगीं उनका प्रयोग नियमानुसार कार्यवाही करते हुये गोशाला एवं अन्य स्ट्रक्चरल निर्माण कार्य में प्रयोग किया जायेगा अथवा प्रति 06 माह के उपरान्त उनकी नियमानुसार निलामी सुनिश्चित की जायेगी। हैण्ड मरम्मत/रिबोर कार्य में उपयोग में लाये जा चुकें पाइपों को स्टाक रजिस्टर में अंकित करते हुये निर्माण कार्य रजिस्टर में सामग्री के रूप में दर्ज कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक माह गांव में जो भी अधिकारी भ्रमण पर जाऐंगे वह खण्ड विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी हो सकते हैं, या फिर अन्य कोई जिला स्तरीय अधिकारी या फिर विकास खण्ड स्तरीय अन्य विभागीय अधिकारी भी हो सकते हैं, उनके द्वारा इस स्टॉक रजिस्टर का सत्यापन अवश्य किया जाएगा। यदि स्टॉक रजिस्टर में कोई भी सामग्री गायब पाई जाती है तो वह गबन की श्रेणी में माना जाएगा तथा तदनुरूप ग्राम प्रधान एवं सचिव के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## प्रदेश स्तरीय समन्वय सब–जूनियर बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता का 03 से 06 मई 2023 तक होगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 वॉलीबाल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब–जूनियर बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 03 से 06 मई 2023 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में सब–जूनियर बालिका वॉलीबाल का जनपदीय चयन परीक्षण 27 अप्रैल 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से किया जायेगा। चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले बालिकाओं की आयु 01 जनवरी 2007 या उसके बाद की होनी चाहिए। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 29 अप्रैल 2022 को प्रातः 9 बजे से डॉ0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर, वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेशीय सब–जूनियर बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। उक्त के अतिरिक्त प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 11–14 मई 2023 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम आगरा में किया जा रहा है जिसका जनपदीय चयन परीक्षण जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में 06 मई 2023 को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। चयन परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले बालकों की आयु 01 जनवरी 2007 या उसके बाद की होनी चाहिए। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 08 अप्रैल 2023 को प्रातः 9 बजे से डॉ0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर, वाराणसी में किया जायेगा। इच्छुक खिलाड़ी निधारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र तैयार कराकर एवं पात्रता प्रमाण के साथ आधार कार्ड एवं जन्म तिथि प्रमाणित की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें एवं मूल प्रति अपने साथ लेकर अवश्य आयें।

## जानकीपुरम तृतीय वार्ड नंबर 22 भाजपा प्रत्याशी दीपक लोधी के चुनाव कार्यालय का किया गया उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जानकीपुरम तृतीय वार्ड नंबर 22 से भाजपा प्रत्याशी दीपक लोधी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय राज्य



मंत्री कौशल किशोर बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, रेलवे बोर्ड भारत सरकार के सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप लोधी ने दीप प्रज्वलन कर किया इस अवसर पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोरखपुर यूनिवर्सिटी में नहीं मचाया गया था उत्पात : जांच में सभी शोधार्थी निर्दोष

गोरखपुर ब्यूरो : सात जनवरी 2022 को पीएचडी की परीक्षा के दौरान गोरखपुर यूनिवर्सिटी में कोई उत्पात नहीं हुआ था। पुलिस की जांच में सभी छात्र निर्दोष पाए गए है। जांच के आधार पर सभी छात्रों को दोषमुक्त करते हुए पुलिस ने अपनी अंतिम रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत कर दी है। पुलिस की जांच के बाद छात्रों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, सात फरवरी को ही पुलिस



ने रिपोर्ट लगा दी थी, लेकिन अब यह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर यूनिवर्सिटी की तरफ से डॉ. सतीश चंद्र पांडेय ने छात्रों पर उत्पात मचाने, धमकी देने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। बताया गया था कि सात जनवरी 2022 को एसके सिंह केंद्र निरीक्षक मौजूद थे। इस दौरान दस से पंद्रह की संख्या में छात्र परीक्षा का विरोध करते हुए परीक्षा कक्ष में पहुंच गए। मना करने पर निकले और फिर दूसरे कमरे में जाकर उत्पात मचाने लगे। इस दौरान जरूरी कागजात को फाड़ दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच किया, लेकिन साक्ष्यों के आधार पर फाइनल रिपोर्ट लगा दी है। डेढ़ साल निलंबित भी रहे छात्र दरअसल, पीएचडी की परीक्षा पैटर्न में बदलाव को लेकर कुछ छात्र नाराज थे और उन्होंने परीक्षा का बहिष्कार कर दिया था। बाद में इसी मामले में यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से केस दर्ज कराया गया। वहीं, आरोपी छात्रों को यूनिवर्सिटी से निलंबित भी कर दिया गया था। छात्रों के मुताबिक, मामला उच्च न्यायालय तक भी गया था, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन साक्ष्य नहीं दे पाया और फिर अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार किया गया है। ये छात्र बनाए गए थे आरोपी मंदीप राय, कमलकांत राव, कुमारी राधा विश्वकर्मा, अन्नू जायसवाल, कृतिका सिंह, रामभरोसे तिवारी, राजन दुबे, अमन यादव, सुधीर मद्देशिया, अंजली पांडेय, राजन विश्वकर्मा, प्रशांत मौर्या, आनंद मिश्रा, श्वेता पांडेय, दीप्ति, अर्चना, प्रियंका को नामजद आरोपी बनाया गया था।

## एसएसपी ने चलाया अभियान : 14 दिन में निपट गई 1181 मुकदमों की विवेचना

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में लंबे समय से दर्ज मुकदमों की लंबित विवेचनाओं के निपटाने में तेजी आ गई है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान में 14 दिन में 1181 विवेचना निस्तारित कर दी गई है। दरअसल, विवेचनाओं के निपटाने के लिए एसपी, सीओ को मानीटरिंग



की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के मुताबिक, लंबित मुकदमों के निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियान के 14 दिनों में 1181 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। जनवरी 2023 से अबतक दर्ज हुए 2200 केस दर्ज किए गए, जिसमें 923 विवेचना का निस्तारित कर दी गई हैं। इसकी मॉनिटरिंग सीओ स्तर के अधिकारी कर रहे हैं। वहीं 2022 की लंबित 1000 मुकदमों की विवेचना की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी एसपी रैंक के अफसरों को सौंपी गई थी, इसमें से 241 विवेचना निस्तारित हो चुकी है। इसी तरह 2019, 2020, 2021 या उससे पहले की 209 लंबित विवेचना की मॉनीटरिंग खुद एसएसपी कर रहे हैं, इसमें से 17 विवेचना निस्तारित हो गई हैं।

## पूर्वांचल का सबसे बड़ा इन्क्यूबेशन बनाएंगे एमएमएमयूटी व नाइलिट

गोरखपुर ब्यूरो : मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान मिलकर पूर्वांचल का सबसे बड़ा इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करेंगे। इसके लिए सोमवार को दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। एमएमएमयूटी की तरफ से अधिष्ठाता नियोजन प्रो. गोविंद पाण्डेय और नाइलिट की तरफ से महानिदेशक डॉ. मदन मोहन त्रिपाठी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में यह समझौता हुआ। कुलपति ने बताया कि समझौता ज्ञापन से दोनों संस्थान एक दूसरे को शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। विश्वविद्यालय और नाइलिट दोनों मिलकर पूर्वांचल में सबसे बड़ा इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की दिशा में कार्य करेंगे। ज्ञापन समझौता के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाएगा। दोनों संस्थान मिलकर नए तकनीकी कार्यक्रम शुरू करेंगे। नाइलिट के डीजी मदन मोहन त्रिपाठी ने आश्वस्त किया कि देश के विभिन्न कंपनी को विश्वविद्यालय से जुड़ने में वे मदद करेंगे। इस दौरान कुलसचिव डॉ. जय प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## जलापूर्ति का गहराया संकट : सिर्फ ठप्पा गोरखपुर शहर का : सुविधाएं गांव जैसी

गोरखपुर ब्यूरो : कुछ दिनों के भीतर भले ही शहर की नई सरकार बन जाएगी मगर, 32 गांवों को मिलाकर बने नए 10 वार्ड के लोगों को पानी का संकट अभी लंबे समय तक झेलना पड़ेगा। अभी तक इन वार्डों में पानी की पाइपलाइन ही नहीं बिछ सकी है। ओवरहेड टैंक का भी निर्माण होना बाकी है। यहां हैंडपंप और टुल्लू पंप ही पानी का एक मात्र साधन है। मगर, भीषण गर्मी की वजह से कई घरों के हैंडपंप और टुल्लू पंप भी दगा दे गए है। इनसे पानी उस रफ्तार से नहीं निकल रहा, जैसा सामान्य दिनों में निकलता है। विशेषज्ञों की मानें तो गर्मी बढ़ने के साथ यह संकट और गहराने वाला है। विशेषज्ञों का कहना है कि जमीन के अंदर का पानी का इतना ज्यादा दोहन हो रहा है कि गर्मी के मौसम में भूगर्भ जलस्तर और नीचे जाएगा। जितनी गहराई (सेकेंड स्टेटा) से वर्तमान में पानी आ रहा है, वह जलस्तर, गर्मी की वजह से तीन से चार मीटर तक नीचे चला जाएगा। ऐसे में जिन इलाकों में अब भी हैंडपंप और अपने मोटर पंप पर लोगों की निर्भरता है, उन इलाके के लोगों को इस गर्मी के मौसम में पानी के लिए तरसना पड़ सकता है। निगम के 10 नए वार्डों की समस्या और बढ़ने वाली है, क्योंकि इन वार्डों में अब तक नगर निगम की ओर से पानी की आपूर्ति की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। ये 10 वार्ड वह हैं जिन्हें अभी हाल में नगर निगम में जुड़े 32 गांवों को शामिल करने के बाद बनाया गया है। निगम के अन्य इलाकों के 15 हजार घरों तक भी नहीं पहुंचा पानी शहर में अब भी 15 हजार से ज्यादा घरों में नगर निगम का जलकल विभाग अब तक पानी नहीं पहुंचा सका है। ऐसे में इन सभी लोगों को पीने के पानी से लेकर सामान्य दिनचर्या के लिए हैंडपंप या फिर सबमर्सिबल पंप पर निर्भरता है। गंदा पानी पीने की मजबूरी के साथ लोगों के जेब पर भी इसका बोझ पड़ता है। अगर टुल्लू पंप ही लगाते हैं तो कम से कम 15 हजार रुपये खर्च करना पड़ता है। इसके बावजूद लोगों को शुद्ध पानी मयस्सर नहीं है, क्योंकि गुणवत्ता के लिहाज से शहर के किसी भी इलाके का पानी पीने लायक नहीं है। समस्या झेल रहे लोग बोले राम अवध नगर जंगल सिकरी डीके शुक्ला ने कहा कि भले ही हमारा गांव नगर निगम में जुड़ गया है, लेकिन पानी के लिए हैंडपंप पर ही निर्भरता है। वहीं, जिन लोगों की क्षमता है उन लोगों ने टुल्लू पंप या सबमर्सिबल पंप लगवा रखवा है। अगर नगर निगम की ओर से जलापूर्ति की व्यवस्था कर दी जाती है तो इन सब खर्च से बच सकते हैं। कठौर कमलेश निषाद ने कहा कि हमारे इलाके की सबसे बड़ी समस्या पानी की है। एक तो हैंडपंप का पानी इस्तेमाल करना पड़ता है, वहीं गर्मी के दिनों में हैंडपंप भी काम नहीं करता है। एक बाल्टी पानी भरने में पसीना छूट जाता है। अगर सप्लाई वाला पानी



आ जाता है तो बड़ी राहत मिलेगी। खोराबार सुबा बाजार त्रिवेणी शर्मा ने कहा कि अब तक गांव में पाइप लाइन के जरिए पानी नहीं पहुंचा है। अब तक पंप नहीं लगवा सके हैं। ऐसे में पीने से लेकर दिनचर्या की अन्य जरूरतों के लिए हैंडपंप पर ही निर्भरता है। वहीं, कभी कभी पीने के पानी खरीदना पड़ता है। सिक्टौर करमहिया कन्हैया लाल रावत ने कहा कि पीने का पानी तो खरीद कर पी लेते हैं। प्रति दिन करीब जार पानी का खर्च है। अगर नगर निगम की ओर से पानी की सप्लाई शुरू हो जाती है तो घर में आरओ लगवा लिया जाएगा। प्रतिदिन होने वाले खर्च में कमी आएगी और राहत मिलेगी। हैंडपंप के पानी से दिनचर्या के और काम निपटा लिए जाते हैं। नगर निगम में शामिल हुए हैं ये 32 गांव सिक्टौर तप्पा हवेली, रानीडीहा, खोराबार उर्फ सूबा बाजार, जंगल सिकरी, भरवलिया बुजुर्ग, कजाकपुर, बड़गो, मनहट, गायघाट बुजुर्ग, पथरा, रानीबाग, सेमरा देवी प्रसाद, गुलरिहा, मुडिला उर्फ मुंडेरा, मिर्जापुर तप्पा खुटहन, करमहा उर्फ कम्हरिया, जंगल तिकोनिया नंबर एक, जंगल बहादुर अली, नुरुद्दीन चक, चकरा सेयम, रामपुर तप्पा हवेली, सेंदुली बेंदुली, कठवतिया उर्फ कठउर, पिपरा तप्पा हवेली, झरवा, हरसेवकपुर नंबर दो, लक्ष्मीपुर तप्पा कस्बा, उमरपुर तप्पा खुटहन, जंगल हकीम नंबर दो और संझाई। जिस स्टेटा का पानी का होता है इस्तेमाल, वहां जलस्तर तेजी से जाता नीचे भूगर्भ जल विभाग तकनीकी विशेषज्ञ दिनेश चंद्र जायसवाल ने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी का जलस्तर काफी तेजी से नीचे जाता है। भूगर्भ जल के जिस स्टेटा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल होता है, उस स्टेटा का पानी काफी तेजी से नीचे जाता है। शहर के कई इलाकों में यह समस्या आती है। रामगढ़ ताल और राप्ती नदी के किनारे के गांव और मोहल्लों में यह समस्या काफी ज्यादा आती है। इसी वजह से भूगर्भ जल विभाग की ओर से समय समय पर भूगर्भ जल के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। महाप्रबंधक जलकल महेश चंद्र आजाद ने कहा कि नगर निगम के नए वार्डों में जलापूर्ति के लिए नई योजना तैयार की जाएगी। जल्द ही इन वार्डों का सर्वे कराया जाएगा। केंद्र की हरेक घर जल योजना से जो भी घर वंचित रह गए हैं, उन सभी के लिए योजना तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। शासन की स्वीकृति के साथ ही इस काम को जल्द से जल्द पूरा करने की कोशिश रहेगी।

## विजिलेंस की टीम पर किया था हमला : जांच में लगे छह माह : अब हुए निलंबित

गोरखपुर ब्यूरो : विजिलेंस की टीम पर हमला करने और मामले में नामजद आरोपी संविदाकर्मी की सेवा छह माह बाद बिजली निगम ने समाप्त कर दी है। अधीक्षण अभियंता ने कार्यदाई फर्म वर्ल्ड क्लास सर्विस सेंटर को निर्देशित किया कि बक्शीपुर खंड के संविदाकर्मी युसुफ की सेवा समाप्त की जाए। दूसरे संविदाकर्मी को बक्शीपुर खंड में तैनात करें। एक सितंबर 2022 को विजिलेंस की जांच के दौरान सविदाकर्मी ने टीम पर हमला किया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। विजिलेंस की तहरीर पर आरोपी संविदाकर्मी पर कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। तभी से मामले की जांच चल रही थी। तत्कालीन विजिलेंस टीम प्रभारी दिलिप मिश्र, जेई अंकित श्रीवास्तव कांस्टेबल गौरीशंकर, धीरेंद्र कुमार व अन्य तिवारीपुर इलाके में चेकिंग अभियान चला रहे थे। मोहल्लें में मकान नंबर–67बी हवेली घासी कटरा में उपभोक्ता मोहम्मद युसुफ खान पुत्र मोहम्मद कैसर खान का था। प्रभारी ने आरोप लगाया कि युसुफ के मकान के ठीक सामने परिसर में चेकिंग चल रही थी। इसी बीच सामने से कुछ आवाज आई। यूसुफ के परिसर पर जाकर मीटर चेकिंग करवाने को कहा तो वह भड़क गया। उपभोक्ता से बिजली संयोजन का बिल मांगा तो बिल दिखाने की जगह वह उग्र होकर तेज आवाज में अभ्रद भाषा का प्रयोग करते हुए गाली–गलौज करने लगा। विजिलेंस टीम के सदस्यों व संविदा कर्मचारी मोहम्मद युसुफ खान के बीच विवाद बढ़ते–बढ़ते नौबत हाथा पाई तक पहुंच गई। विजिलेंस टीम प्रभारी दिलिप मिश्रा ने पूरे मामले में कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दज दिए। इसके बाद कारपोरेशन की तरफ से भी मामले की जांच चल रही थी। अधीक्षण अभियंता शहरी यूसी वर्मा ने बताया कि मामले में दोषी संविदाकर्मी पर कार्रवाई करते हुए सेवा समाप्त कर दी गई है। विजिलेंस की टीम पर हमला करने का आरोपी था। किसी भी मामले में पूरी जांच के बाद ही कार्रवाई की जाती है। वीडियो भी खूब हुआ था वायरल पूरी घटना का एक वीडियो भी खूब वायरल हुआ था। इसमें दिख रहा था कि विजिलेंस की टीम जांच के लिए बोल रही थी। इसी पर आरोपी ने पहले कुछ तीखी आवाज में बोला। विजिलेंस ने विरोध किया तो पास में रखा डंडा और लकड़ी का फट्टा हाथ में उठा लिया। हमालकर मुद्रा में होते हुए धमकी दी कि दोबारा चेकिंग करने आए तो जान से मार देंगे।

## खेत में काम कर रहे पिता–पुत्र की करंट की चपेट में आने से मौत : शव देख बदहवास हुई मां

बलिया ब्यूरो : बलिया के बैरिया में सब्जी के खेत में काम कर रहे पिता–पुत्र की बिजली के जद में आने से मंगलवार की सुबह मौत हो गई। ग्राम प्रधान टेंगरही के सहयोग से ग्रामीण झुलसे दोनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बैरिया थाना क्षेत्र के टेंगरही गांव निवासी वकील शर्मा (55) पुत्र बहादुर शर्मा व उनके पुत्र श्याम प्रकाश शर्मा (21) चांदपुर गांव में लगान पर भूमि लेकर मूंग की खेती किये थे। मंगलवार की सुबह खेत का सिंचाई कर रहे थे, तभी विद्युत खम्भे के स्टेक से वकील शर्मा छू गए। करंट की जड़ में आकर वकील शर्मा छटपटाने लगे पुत्र श्याम प्रकाश शर्मा कुछ समझ नहीं पाया और पिता को बचाने में वह भी बिजली की जद में आ गया। ग्रामीणों के अनुसार विद्युत खम्भे के स्टेक में बिजली उतर आई थी। दोनों को जब तक ग्रामीण सोनबरसा अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक श्याम प्रकाश बीए का छात्र था। दो भाइयों में सबसे छोटा था। बड़ा



भाई मनीष कुमार शर्मा यूपी पुलिस में वराणसी में तैनात है। माता कलावती पति व पुत्र के एक साथ शव देख बदहवास स्थिति में है।मृतक वकील शर्मा की चार पुत्रियों में तीन पुत्रियों की शादी हो गई है। सबसे छोटी पुत्री प्रियंका पिता व भाई की यादों को साझा कर दहाड़े मारकर रो रही थी। सूचना पर बैरिया पुलिस मौके पर पहुंच गयी है। शव का पंचनामा कर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## उप मुख्यमंत्री के आदेश को कुछ नही समझता है जनपद का स्वास्थ्य महकमा और जिला प्रशासन : शिकायतकर्ता को जान का खतरा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उप मुख्यमंत्री के आदेश को कुछ नही समझता है जनपद का स्वास्थ्य महकमा और जिला प्रशासन, मुझे स्वास्थ्य माफिया से जान का खतरा है, मैंने इनका भांडा फोड़ किया है, मामला अयोध्या जनपद के जिला चिकिसालय व स्वास्थ्य महकमे से जुड़ा हुआ है विदित हो कि सोमवार को ही प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा निर्देश जारी किया था कि प्रदेश के आम लोगों व गरीबो को निशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है प्राइवेट एम्बुलेंस वाहन के चालकों द्वारा लोगों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए मोटी रकम वसूली जाती है और गरीब और आम जन का शोषण किया जाता है इसका बहुत बड़ा उदाहरण कोरोना महामारी के दौरान देखने को मिला था, उप मुख्यमंत्री द्वारा आदेश जारी किया गया था कि कोई भी प्राइवेट एम्बुलेंस सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो के आस पास नही खड़ी की जायेगी और उन्हे हटाने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग, जिलाधिकारी व नगर निगम की होगी , हमारे अवध की दुनिया के व्युरो से संपर्क कर महाकाल सेवा संस्थान के संचालक अनिल कुमार चौहान जो जनपद मे समाज सेवा के लिए प्रसिद्ध है उनके द्वारा लावारिस लाशो का निशुल्क अंतिम संस्कार किया जाता है साथ ही उनके द्वारा संचालित एम्बुलेंस गरीबो को निशुल्क आक्सीजन वाहन और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते है उन्होंने जिले के स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर लगाया है उसने बताया कि प्राइवेट एम्बुलेंस पोस्टमार्टम हाउस और जिला चिकित्सालय के बाहर अभी भी खड़ी रहती है, दलालो के माध्यम से आम लोगों का जमकर शोषण हो रहा है गरीबो का जमकर दोहन हो रहा प्राइवेट एम्बुलेंस चालकों की सरकारी एम्बुलेंस चालकों से भी साठ गांठ है दलाल गरीब व परेशान लोगों को बरगला कर इन एम्बुलेंस चालको के पास ले जाते है परेशान गरीब और मजलूम इनसे मदद लेने को मजबूर हो जाते है और उनसे लखनऊ और गोरखपुर के मेडिकल कॉलेज और अन्य अस्पतालो मे ले जाने के नाम पर और मृतक के परिजनों से लाश को उनके घर ले जाने के लिए 40 से 50 हजार की मोटी रकम की उगाही की जा रही है , इसमें कोई संशय नही है कि ये स्वास्थ्य माफिया का खेल है जो वर्षों से गरीबों की खून पसीने की कमाही को लूट रहे है, सरकार के आदेश के वावजूद जिला प्रशासन भी इन पर कार्यवाही नही कर रहा है जबकि जिला चिकिसालय के मुख्य द्वार के पास ही क्षेत्राधिकारी सदर का कार्यालय है इस सरकारी मोतियाबिंद से माफिया के हौसले और बुलंद हो जाते हैं और आवाज उठाने वालों पर जान का खतरा मडराने लगता है शिकायतकर्ता अनिल कुमार चौहान ने अवध की दुनिया को साक्ष्य के तौर पर वीडियो भी भेजा जिसमे स्पष्ट दिख रहा है कि स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन कुंभकर्ण बना हुआ और जिला चिकित्सालय और पोस्टमार्टम हाउस के अंदर प्राइवेट वाहन खड़े है और वाहन चालक और दलाल आम लोग व पीड़ितों से लेन देन की बात कर रहे है, शिकायतकर्ता ने कहा कि स्वास्थ्य माफिया की पकड़ सिस्टम मे बहुत मजबूती से गड़ी हुई है जब प्रशासन उप मुख्यमंत्री की नही सुनता है तो मुझ आम आदमी की सुरक्षा कैसे हो पायेगी, माफिया के खिलाफ बोलने से मेरे व मेरे परिवार के लिए जान का खतरा उत्पन्न हो गया है।

## हिस्ट्रीशीटर शातिर अभियुक्त अबैध असलहें के साथ गिरफ्तार

अयोध्या (सिटी क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। जनपद अयोध्या के थाना पूराकलन्दर क्षेत्र में थाना स्थानीय के पुलिस फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना से चेकिंग के दौरान अरुवावां शहीद सैय्यद बाबा मजार जाने वाले मार्ग से अबैध असलहे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।थाना हाजा के हिस्ट्रीशीटरध्लूट चोरी,गैगेंस्टर जैसे जघन्य अपराध कारित करने वाले अपराधी अभियूक्त–मो0कलीम उर्फ सुक्कन पुत्र मो0अलीम निवासी अरुवावा थाना पूराकलन्दर जिला अयोध्या का निवासी है । अभियूक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर विधिक कार्यवाही की जा रही है अभियुक्त के पास से एक अदद अबैध तमंचा मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । अभियुक्त का अपराधिक इतिहास थाना में दर्ज पाया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– रतन कुमार शर्मा थानाध्यक्ष थाना पूराकलन्दर अयोध्या उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार पाल थाना पूराकलन्दर




जनपद अयोध्या,अनुप कुमार सिंह थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या,अलखराम वर्मा थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या,रोहित कुमार यादव थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या की थी।

## डीआईजी पीएसी वाराणसी अनुभाग के 34वीं वाहिनीं परिसर निरीक्षण मे सब कुछ मिला सही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी, वाराणसी अनुभाग, अजय कुमार सिंह,आईपीएस के 34वीं वाहिनीं में वार्षिक निरीक्षण के अवसर पर सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।आगमन के पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक ने वाहिनी परेड ग्राउंड पर पहुंचकर परेड की सलामी ली व परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात वाहिनी 'क्वार्टर गार्ड' का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहिनी चिकित्सालय, परिवहन शाखा, मुख्यालय शाखा, सीपीसी कैंटीन, वाहिनीं ड्यूटी दल, आरटीसी बैरक, मल्टीपरपज हॉल (पिनाक मण्डपम) आदि का भ्रमण किया गया।भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान अजय कुमार सिंह, आईपीएस द्वारा वाहिनी के समस्त शाखाओं के रख–रखाव एवं उत्तम व्यवस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।साथ ही परिसर की हरियाली, वृक्षारोपण, साफ सफाई व विकास कार्यों की सराहना करते हुए सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस को बधाई दी।पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा वाहिनीं के जवानों का वृहद सैनिक सम्मेलन किया गया। उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान जवानों को अनुशासित रहने, उत्कृष्ट आचरण प्रस्तुत करने, स्वस्थ रहने एवं सोशल मीडिया के उपयोग में बरती जाने वाली सावधानियो के बारे में जानकारी



दी। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने जवानों की व्यवसायिक कठिनाइयों एवं उनकी व्यक्तिगत समस्याओं का अनुश्रवण एवं निस्तारण किया गया।निरीक्षण के दौरान, नरेश यादव, सहायक सेनानायक, अरुण कुमार सहायक सेनानायक, शिवनारायण सैन्य सहायक, गोपाल जी दूबे सूबेदार मेजर, विन्ध्वासिनी पाण्डेय सहायक शिविरपाल, व समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अयोध्या राममंदिर पर बन रही फिल्म में चम्पतराय ने दिया मुहूर्त शार्ट

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। में सादाणी प्रोडक्शन के बैनर तले रामजन्मभूमि आंदोलन की 500 सौ सालों की संघर्ष गाथा तथा उसकी कुछ खास ऐतिहासिक तारीखों पर बन रही फिल्म695 की मुहूर्त का शार्ट का शुभारंभ दिगम्बर अखाड़े में मुख्य अतिथि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपतराय ने किया इस मौके पर छत्तीसगढ़ सादाणी दरबार मठ के महन्थ डॉ युधिष्ठिरलाल बाबा अभिराम दास के शिष्य धर्म दास व जगद्गुरु दिनेशाचार्य तथा दन्तधावनकुण्ड पीठाधीश्वर विवेक अचारी सहित कई सन्त महन्थ उपस्थित रहे। 695 फिल्म की टाइटल के बारे में चम्पतराय ने बताया कि 6 का अर्थ 6 दिसंबर 1992 को विवादित ढांचा गिराए जाने की तारीख 9 का मतलब 9 सितम्बर 2019 को रामलला के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट फैसला आने की तारीख एवम 5 का मतलब 5अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा राममंदिर की आधारशिला रखने व भूमि पूजन की तारीख है इस फिल्म के निर्माता निर्देशक योगेश भारद्वाज व प्रोड्यूसर श्याम चावला व अशोक समर्थ भी उपस्थित रहे इस फिल्म की



कास्टिंग प्रशान्त श्याम श्री जी ने की है। इसमें मुख्य भूमिका में अरुण गोविल , अशोक समर्थ , गोविंद नामदेव, मुकेश तिवारी, गजेंद्र सिंह चौहान, अखिलेंद्र मिश्रा, दया शंकर पांडेय, विश्वजीत प्रधान, केके रैना जी है। बाबा अभिराम दास की भूमिका में धारावाहिक रामायण में श्रीराम की भूमिका निभा चुके जानेमाने फिल्म अभिनेता अरुण गोविल हैं उनका कहना कि यह फिल्म राम भक्तों के लिए बहुत खास होगी और रिलीज भी जल्द होगी

## समझौते से विश्वविद्यालय को कृषि शिक्षा व शोध में मिलेगी सहायता –बिजेन्द्र सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मिल्कीपुर–अयोध्या। राजधानी लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, फिलीपींस (इरी) और आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एवं चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के बीच उत्तर प्रदेश में उन्नत और मौसम आधारित धान की किस्में तथा पोषकता से भरपूर चावल की खेती को विकसित करने के उद्देश्य से एमओयू हुआ। दोनों कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह व अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के महानिदेशक डॉ. जॉन बैली ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा कि इस समझौते से विश्वविद्यालयों को कृषि शिक्षा एवं शोध में वृहद स्तर पर सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि समझौता ज्ञापन जर्मप्लाज्म का संरक्षण, सुधार, फसल और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, डिजिटल टूल्स में सहयोग बढ़ाने, छात्रों का क्षमता निर्माण और ज्ञान का आदान प्रदान करने के साथ–साथ बाजार आधारित आर्थिक अनुसंधान से संबंधित है। डॉ विजेंद्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। 75 वर्षों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी अंतरराष्ट्रीय संस्थान के साथ कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए किसी एमओयू पर हस्ताक्षर किया गय। एमओयू के मौके पर कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, चावल अनुसंधान संस्थान के उप महानिदेशक डॉ अजय कोहली, अपर मुख्य सचिव, कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी, अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान वाराणसी के निदेशक डॉ सुधांशु सिंह, निदेशक प्रसार डॉ. ए.पी राव, कुलपति के सचिव डॉ जसवंत सिंह व उपनिदेशक शोध डॉ. शंभू प्रसाद मौके पर मौजूद रहे।

## प्रवर डाक अधीक्षक ने एस पी एम अतुल उपाध्याय को पुरस्कृत कर किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली–अयोध्या। बाबा–बाजार क्षेत्र अंतर्गत मीरमऊ एसपीएम अतुल उपाध्याय को प्रवर डाक अधीक्षक अयोध्या ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बताया जाता है की मीरमऊ ँ.च्ड अतुल उपाध्याय लगभग 2 वर्षों से अनवरत उप डाकघर मीरमऊ में कार्यरत है इससे पहले वे जनपद अयोध्या में डाक सहायक के रूप में रह चुके हैं। उप डाकघर मीरमऊ के युवा एस.पी.एम. के कार्यशैली से क्षेत्र वासी व शाखा डाककर्मी उत्साहित रहते है। बताया जाता है कि उप डाकघर में कार्यरत् श्री अतुल कुमार उपाध्याय व सर्वेश कुमार जब से इस उप डाकघर में आये हैं तब से क्षेत्रवासियों के ड़ाकघर सम्बन्धित समस्त वित्तीय कार्य जमा–निकासी व आई.पी.पी.बी. बैकिंग कार्य बहुत ही सुगमता से हो जाता है और देर शाम तक डाक कार्यो का निपटान किया करते है। क्षेत्र वासी इनकी कार्य कुशलता से बहुत ही खुश रहते है। क्योकिं पब्लिक को डाकघर से जुडने के लिए`चउ द्वारा माहवार कैम्प लगाकर के भारत सरकार द्वारा संचालित डाकघर की योजनाओ की जानकारी जनता तक पहुंचाने का कार्य किया करते है। ज्ञात है कि जनपद अयोध्या में रविवार को एसएसपी महोदय द्वारा संचालित मीटिंग में जनपद में ग्रामीण डाक जीवन बीमा के क्षेत्र में सर्वोच्च शीर्ष पर कार्य करने पर उन्हें भेंट स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया गया और भविष्य में दिये हुए लक्ष्य को पूर्ण करने को उत्साहित किया। इस मौके पर प्रवर डाक अधीक्षक पी0के0 सिंह व सत्येंद्र सिंह,निशांत त्रिपाठी,चेतन जायसवाल,सुरेश कुमार मिश्र,अनेकों कर्मी मौजूद रहे।

## राम अरूण गोविल ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज से की भेट–वार्ता

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लोकप्रिय हिंदी धारावाहिक रामायण के राम अरूण गोविल ने सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज तथा उतराधिकारी महंत कमलनयन दास से मणिराम दास छावनी में तथा विहिप के वरिष्ठ नेता संघ प्रचारक पुरूषोत्तम नारायण सिंह से कारसेवकपुरम् में पहुंच कर भेंट वार्ता की और आशीर्वाद लिया। अरूण गोविल ने अपने अयोध्या प्रवास के संबंध में उनसे जानकारी भी साझा की,और बताया की श्रीराम जन्मभूमि की ऐतिहासिक संघर्ष गाथा पर 695 नामक फिल्म को बना रहें। इस दौरान उन्हों ने कहा अयोध्या नगरी का कण–कण हमारे लिए वंदनीय पूज्यनीय पूज्य संत और सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं के त्याग तपश्या से श्रीराम मंदिर निर्माण का स्वप्न साकार हो रहा है। वह दिन दूर नही जब प्रभुअपने पावन अधिष्ठान पर विराजमान होकर हमारे जैसे भक्तों को दर्शन देकर कल्याण करेंगे। उन्हों ने कहा भगवान राम, "सत्य का अवतार, नैतिकता का आदर्श पुत्र, आदर्श पति, और सबसे बढ़कर, आदर्श राजा" है। हमारा अहोभाग्य रहा कि हम प्रभु के पात्र को अभिनय के माध्यम से जीवंत कर सके। आज उनकी जन्मभूमि पर पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास जी की अध्यक्षता में सरकार द्वारा गठित ट्रस्ट मंदिर का निर्माण तीव्रता से करा रही है। उन्हों ने कहा अयोध्या जी के विकास को लेकर लोकहित में सरकार द्वारा किया जा रहा कार्य प्रशंसनीय है। उन्हो ने कहा यातायात व्यवस्था सुगम होने से श्रीराम नगरी में आवागमन हमारा बना रहेगा। इस दौरान श्री मणिराम दास छावनी ट्रस्ट सचिव पंजाबी बाबा, अंतरराष्ट्रीय राम नाम बैंक के प्रबंधक पुनीत राम दास,शरद शर्मा, संत जानकी दास,सहित अनेक संत धर्माचार्य उपस्थित रहे।

## भाजपा में बागियों की भरमार : चुनौती बने नेताओं के परिवार : बागी बिगाड़ेंगे चुनावी गणित!

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने नगर निकाय चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के लिए नामांकन के आखिरी दिन से ही चौतरफा अभियान शुरू किया है। लेकिन, भाजपा में बागी ही उसकी चिंता बने हुए हैं। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद का टिकट न मिलने से खफा दावेदारों और निवर्तमान अध्यक्षों ने बगावत कर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ ताल ठोक दी है। कहीं नेता खुद निर्दलीय मैदान में हैं तो कहीं परिवार के सदस्यों को पार्टी के खिलाफ उतारा है। कहीं–कहीं पर करीबी समर्थकों के कंधों का भी सहारा लिया है। निकाय चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन का सोमवार को अंतिम दिन था। भाजपा की ओर से रविवार शाम नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, महापौर प्रत्याशी घोषित किए गए। करीब दो महीने से टिकट की दौड़ में लगे दावेदारों को टिकट नहीं मिलने से झटका लगा। कुछ जगह कार्यकर्ता निष्ठा दिखाते हुए पार्टी की ओर से घोषित प्रत्याशी के समर्थन में आ गए। लेकिन, काफी जगहों पर राजनीतिक वजूद को बचाने के लिए दावेदारों ने बगावत कर निर्दलीय नामांकन कर दिया तो कई जगह बसपा में चले गए। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते कार्यकर्ताओं को नहीं मनाया गया तो वह चुनावी गणित बिगाड़ सकते हैं। बेटी को टिकट न मिलने से सांसद नाराज कानपुर में सांसद सत्यदेव पचौरी बेटी नीतू सिंह के लिए टिकट मांग कर रहे थे। लेकिन भाजपा ने कानपुर नगर निगम की निवर्तमान महापौर प्रमिला पांडेय को ही प्रत्याशी बनाया है। प्रमिला ने सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन जुलूस में सांसद सत्यदेव पचौरी और उनके समर्थक नजर नहीं आए। सांसद ने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं दी गई। उनके समर्थकों ने भी दूरी बनाए रखी। बरेली में बागी हुए भाजपाई बरेली की फतेहगंज पूर्वी नगर पंचायत से भाजपा कार्यकर्ता संजय पाठक ने निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया। फरीदपुर नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन लालाराम गुप्ता की पत्नी गिरजा रानी गुप्ता ने टिकट न मिलने पर बगावत कर बसपा का दामन थाम लिया। राजेश गुप्ता ने भी निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान किया है। नगर पंचायत बिशारतगंज में सूरजपाल मौर्य ने निर्दलीय नामांकन किया। नगर पंचायत मीरगंज में नरेंद्र गंगवार और सुधीर शर्मा व नवाबगंज नगर पालिका परिषद में सीमा गुप्ता ने भी निर्दलीय नामांकन किया है। पीलीभीत में भी भितरघात पर उतारू पीलीभीत नगर पालिका परिषद में अवनेश कौशिक की पत्नी प्रियंका कौशिक और निवर्तमान अध्यक्ष विमला जायसवाल ने निर्दलीय नामांकन किया। विमला जायसवाल पिछली बार निर्दलीय चुनाव जीतकर भाजपा खेमे में चली गई थीं। गंगा प्रसाद लोधी ने भी अपनी पुत्रवधू को नामांकन कराया है। पूरनपुर नगर पालिका सीट से भाजपा के निवर्तमान चेयरमैन प्रदीप कुमार जायसवाल ने निर्दलीय नामांकन किया है। शाहजहांपुर में जलालाबाद में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनेंद्र गुप्ता ने निर्दलीय नामांकन है। पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने दिखाए तेवर लखीमपुर खीरी नगर पालिका में भाजपा ने अर्बन कोऑपरेटिव की अध्यक्ष पुष्पा सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इससे खफा पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. इरा श्रीवास्तव और गोला की अध्यक्ष रहीं मीनाक्षी अग्रवाल ने बगावत कर निर्दलीय नामांकन दाखिल किया। मीनाक्षी पहले भी दो बार निर्दलीय चुनाव जीत चुकी हैं। विधायक के करीबी हुए बागी बदायूं की वजीरगंज नगर पंचायत में भाजपा ने ब्रजेश सिंह की पत्नी संगीता वार्ष्णेय को प्रत्याशी बनाया है। इससे खफा होकर स्थानीय विधायक के दो करीबियों की पत्नी पत्नी शकुंतला वार्ष्णेय और ममता वार्ष्णेय ने नामांकन दाखिल किया है। मेंहदावल में बढ़ी मुसीबत संतकबीर नगर में 2007 में मेंहदावल नगर पंचायत के अध्यक्ष रहे पवन तिवारी ने बगावत कर पत्नी कल्याणी को निर्दलीय मैदान में उतारा है। मेंहदावल नगर पंचायत में भाजपा की राह उसके अपने ही मुश्किल खड़ी कर रहे हैं। भाजपा से जुड़ी निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमिला जायसवाल ने बसपा का दामन थाम लिया है। उन्होंने अंतिम दिन नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है।

## जान जोखिम में डाल पीएसी जवानों नें गंगा में डूबे रहे बच्चों की बचाई जान



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वाराणसी के विभिन्न घाटों पर ड्यूटी में तैनात 34 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक की बाढ़ राहत दल (बी दल) के जवानों ने जनपद वाराणसी निवासी मोहम्मद इकबाल पुत्र शाहिद जुनैद व थाना चेतगंज वाराणसी निवासी श्रेयांश गुप्ता पुत्री अमित गुप्ता को गंगा में डूबने से बचा लिया ।34 जनपद वाराणसी निवासी मोहम्मद इकबाल पुत्र शाहिद जुनैद वाराणसी के चौसटी घाट पर गंगा नदी में स्नान करते वक्त अचानक डूबने लगा। उस पर नजर पड़ते ही घाट पर ड्यूटी में तैनात आरक्षी धर्मवीर कुमार, आरक्षी अनिल कुशवाहा व आरक्षी भगवान वर्मा ने अपनी जान की परवाह किए बिना पानी में कूद पड़े और और डूबते हुए व्यक्ति को बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के पश्चात उनके परिजनों को सौंपा। वहीं थाना चेतगंज वाराणसी निवासी अमित गुप्ता अपनी पुत्री श्रेयांश गुप्ता के साथ स्नान करने के लिए अहिल्याबाई घाट पर आए हुए थे, जो कि स्नान करते वक्त अपने बच्चे के साथ अचानक डूबने लगे। घाट पर ड्यूटी में तैनात आरक्षी राकेश साहनी व आरक्षी राजकमल निषाद ने तत्काल पानी में कूद कर दोनों पिता–पुत्री को पानी से बाहर निकाला तथा प्राथमिक उपचार के बाद सही सलामत उनको घर के लिए रवाना किया। पीएसी के जांबाजों द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की वहां मौजूद लोगों द्वारा अत्यंत प्रशंसा की गयी। सेनानायक, 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, डॉ राजीव नारायण मिश्र, आईपीएसध्द्वारा उक्त जवानों के इस साहसिक कार्य की सराहना करते हुए पुरस्कृत किया गया।

## जनपद में चार वारंटी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना हैदरगंज पुलिस ने चार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया।हैदरगंज थाना प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अरसद ने सोमवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक विजयबहादुर पाण्डेय व उप निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी,उप निरीक्षक राहुल कुमार पाण्डेय की मदद से सोमवार को मोहर्रम अली पुत्र रोशन खां निवासी बैतीकला थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या,महादेव यादव पुत्र स्व0 रामराज यादव निवासी माझा सोनौरा थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या,धर्मेन्द्र सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी धमहर थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या तथा गिल्लू उर्फ जगन्नाथ सिंह पुत्र भगौती सिंह निवासी पंडित का पूरा कोरो राघवपुर थाना हैदरगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया।

## साकेत नगर से निर्दल प्रत्याशी के रुप मे संतोष श्रीवास्तव दीपा ने किया नामांकन



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नव सृजित वार्ड संख्या 33 साकेत नगर से निर्दल प्रत्याशी के रूप में श्रीमती संतोष श्रीवास्तव दीपा पत्नी अनिल श्रीवास्तव राजू ने अपना नामांकन पत्र भरा।नामांकन भरते समय भगौती प्रसाद मौर्या,संतोष चतुर्वेदी,अरुण श्रीवास्तव अभिषेक सिंह राहुल श्रीवास्तव दिलीप श्रीवास्तव,सुरेंद्र श्रीवास्तव ,सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, अवनीश दुबे, जितेंद्र श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, विवेक चतुर्वेदी, फिरोज अहमद, महमूद आलम सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## 18 घंटे से बिजली सप्लाई बंद : उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मिल्कीपुर, अयोध्या। हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन के हरिनाथपुर फीडर पर पिछले 18 घंटे से बिजली सप्लाई बाधित है। सप्लाई बाधित होने से हजारों घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। कोई भी बिजली विभाग का अधिकारी/ कर्मचारी मोबाइल फोन रिसीव नहीं कर रहा है। रविवार के शाम छह बजे बाधित हुई बिजली सप्लाई अभी तक बहाल नहीं हो पाई है। रविवार शाम को तेज रफ्तार में हवा चली थी, जिसके बाद से सोमवार को दोपहर दो बजे तक बिजली के दर्शन नहीं हुए हैं। हैरिंग्टनगंज विद्युत सबस्टेशन के हरिनाथपुर फीडर से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं के घरों की लाइट गुल हो गई है। बिजली ना मिलने से उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। मोबाइल स्विच ऑफ हो गए हैं। घरों पर रखी गई पानी की टंकियां खाली हो चुकी हैं।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।